कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून
Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand
Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- http:/govt.ua.nic.in/pwd E-Mail-eicpwduk@nic.in

पत्रांकः 387/495व्यक–सा0/2023 दिनांक 08/04/2026

सेवा में,

निदेशक
सूचना प्रोद्योगिकी विकास एजेंसी
आई0टी0पार्क देहरादून।

विषयः– वर्ष 2026–2027 हेतु विभागीय साइबर नोडल अधिकारियों (Cyber Nodal Officers) के नामांकन के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक–4941/ITDA/2026 दिनांक–02.04.2026

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के द्वारा राज्य में डिजिटल अवसंरचना की सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के दृष्टिगत है कि प्रत्येक विभाग, निदेशालय एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों (जिला/ब्लॉक स्तर तक) में साइबर नोडल अधिकारियों का नामांकन किया जाए जिस हेतु विभाग, निदेशालय तथा संवद्ध कार्यालयों के लिए वर्ष 2026–2027 हेतु उपयुक्त अधिकारियों को साइबर नोडल अधिकारी (Cyber Nodal Officers) के रूप में नामित किये जाने हेतु लिखा गया है।

इस कार्यालय के पत्र संख्या–378, दिनांक–06.04.2026 के द्वारा इं0 मनोज विष्ट, अधीक्षण अभियन्ता को वर्ष 2026–2027 हेतु लोक निर्माण विभाग की ओर से साइबर नोडल अधिकारी (Cyber Nodal Officers) हेतु नामित किया गया था।

चूंकि वर्ष 2025–26 में इं0 संजीव गौतम, अधीक्षण अभियन्ता के द्वारा साइबर नोडल अधिकारी के रूप में कार्यों का सम्पादन किया जा रहा था। अतः उक्त आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुए इं0 मनोज बिष्ट, अधीक्षण अभियन्ता के स्थान पर इं0 संजीव गौतम, अधीक्षण अभियन्ता को वर्ष 2026–27 हेतु लोक निर्माण विभाग की ओर से साइबर नोडल अधिकारी (Cyber Nodal Officers) के रूप में नामित किया जाता है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः–

क्र०सं०	अधिकारी का नाम	पदनाम	मोबाइल नं०	ई–मेल आई०डी०
1	इं० संजीव गौतम	अधीक्षण अभियन्ता	9456127135	Skgautam.pwd@uk.gov.in

(इं० दयानन्द)
मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष महोदय के संज्ञानार्थ।
2. मुख्य अभियन्ता (नियोजन) विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
3. इं0 मनोज विष्ट, वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून
4. इं0 संजीव गौतम, वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि निदेशक, सूचना प्रौद्योगिक विकास एजेन्सी के पत्र दिनांक–02.04.2026 (संलग्न) के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
5. अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि निदेशक, सूचना प्रौद्योगिक विकास एजेन्सी के पत्र दिनांक–02.04.2026 (संलग्न) में दिये गये लिंक में नामांकन अधिकारी का नाम उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

8.4.26
मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान)
08/04/26